Chapter- 1

अमात्रिक शब्द

STUDY NOTES

- हम वर्णमाला के लेखन, उच्चारण तथा उससे बने अमात्रिक शब्दों के लेखन तथा पठन कौशल पर ध्यान देंगे।
- पूर्वज्ञान के आधार पर वर्णमाला की पुनरावृत्ति करेंगे। इसमें वर्णों की पहचान, उसके प्रकार, उससे संबंधित शब्द, लेखन विधि एवं शुद्ध उच्चारण सम्मिलित हैं।
- वर्णमाला की पहचान - 'वर्णमाला को दो भागों में विभक्त किया गया है - स्वर वर्ण तथा व्यंजन वर्ण।'

  स्वर वर्ण - अ से अः तक वर्ण

  व्यंजन वर्ण - क से ह तक वर्ण।

  संयुक्त व्यंजन - क्ष, त्र, ज्ञ, श्र
- वर्ण संबंधित शब्दों की पहचान तथा सही उच्चारण द्वारा पठन कार्य किया जायेगा। (N.B: पृष्ठ संख्या ६ एवं ७)
- लेखन विधि - वर्णों (अ से श्र तक) का लेखन अभ्यास कॉपी में अंकित पाँच (५) रेखाओं के माध्यम से किया जायेगा। लेखन अभ्यास के समय विशेष रूप से छात्रों के लेखन कौशल पर ध्यान देंगे। कॉपी के पाँच रेखाओं में से पहली तथा अंतिम रेखा को छोड़कर बीच में अंकित तीन रेखाओं के माध्यम से लेखन कार्य की विधि की जायेगी।
- अमात्रिक शब्द – वर्णमाला के अभ्यास के बाद, हम वर्णों के मेल से बने मात्रा रहित शब्दों का अध्ययन, उच्चारण तथा लेखन कार्य की जानकारी लेंगे।
- शब्द की परिभाषा – दो या दो से अधिक वर्णों से बने ऐसे समूह को शब्द कहते हैं । जिसका कोई अर्थ निकलता हो ।

  जैसे – जल, कमल, घर

- दो वर्णों वाले शब्द – दो वर्णों के मेल से जो शब्द बनते हैं, उसे हम दो वर्णों वाले शब्द कहते हैं।

घ + र = घर

ब + स = बस

अन्य उदाहरण है – जल, खत, टब, रथ, बस

- तीन वर्णों वाले शब्द – तीन वर्णों के मेल से बने शब्द को तीन वर्णों वाले शब्द कहते हैं ।

क + म + ल = कमल

स + ड़ + क = सड़क

अन्य उदाहरण है – रमन, नमक, शहद, मटर

- चार वर्णों वाले शब्द – चार वर्णों के मेल से बने शब्द को चार वर्णों वाले शब्द कहते हैं ।

श + ल + ग + म = शलगम

ब + र + ग + द = बरगद

अन्य उदाहरण है – कटहल, अचकन, अजगर, उपवन

- दो, तीन तथा चार वर्णों वाले शब्दों का पठन, उच्चारण, शब्द निर्माण तथा वाक्य निर्माण का ज्ञान प्राप्त करेंगे ।

शब्द निर्माण – वर्णों को जोड़कर

घ + र = घर

म + ह + ल = महल

अ + च + क + न = अचकन

वाक्य निर्माण – शब्दों को जोड़कर एक सार्थक अर्थ के साथ वाक्य निर्माण करेंगे ।

घर – घर चल ।

महल – रमन महल तक चल ।

- बच्चे विभिन्न तरह के खेल के माध्यम से तथा उच्चारण के अभ्यास द्वारा पठन तथा लेखन कार्य करेंगे ।

अभ्यास कार्य

१. वर्णों को जोड़कर शब्द लिखिए।

न + र - **नर**

ज + ल - **जल**

क + ब - **कब**

अ + क + ड़ - **अकड़**

प + ट + क - **पटक**

प + ह + ल - **पहल**

अ + च + क + न - **अचकन**

उ + प + व + न - **उपवन**

झ + ट + प + ट - **झटपट**

श + ल + ग + म - **शलगम**

२. शब्दों को उनके चित्रों से रेखा खींचकर मिलाइए।

बरगद 

अदरक

बटन

टब

घट 

मटर

नयन

शलगम

अचकन

घर

३. रिक्त स्थान भरिए।

द **स**	प **ल** क	रब **ड़**
अद **र** क	ब **त** ख	ब **र** गद
मह **ल**	**ख ट** म ल	क म **ल**
शल **ग** म	ब **र** तन	**प** न घ **ट**

अतिरिक्त प्रश्न:

४. समानलय वाले शब्द लिखें।

नल -	कल -	जल
घर -	**कर**	**पर**
कह -	**वह**	**रह**
नमन -	**अमन**	**रमन**
कड़क -	**सड़क**	**झलक**
अकल -	**शकल**	**नकल**
गरम -	**नरम**	**चरम**
हलचल -	**कटहल**	**दमकल**
नटखट -	**खटखट**	**झटपट**

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

५. (Vocabulary) शब्दावली

दिए गए वर्णों से शब्द बनाओ।

न → नल, नयन, नरम

म → महल, मलमल, मन

६. वर्णों को सजाकर शब्द बनाओ।

- ल क म - कमल

- म स र थ - थरमस

- स ब - बस


- ड़ स क - सड़क

◆◆◆